मेरे सपनों में आते है खाटू के बाबा श्याम सपनो में

मेरे सपनों में आते है,
खाटू के बाबा श्याम,
मेरे सपनों में आते है,
खाटू के बाबा श्याम,
खाटू के बाबा श्याम ॥

सपनो में दिखते है मुझको,
खाटू के प्यारे नजारे,
बैठे सिहांसन बाबा,
करते है मुझको इशारे,
वो हाथ हिलाते है,
दर पे बुलाते है,
थोड़ा मुस्काते है,
खाटू के बाबा श्याम ॥

लहराते देखे है हमने,
श्याम निशान हजारो ,
हारे का साथी यही है,
प्रेम से इनको पुकारो ,
जो पैदल चलता है,
संग उनके चलता है,.
रस्ता दिखलाता है,
खाटू के बाबा श्याम ॥

सपना में रोज हो आते,
एक दिन सचमुच आना,
श्याम कहे थोड़ी सेवा,
हाथो से मेरे कराना,
सपने मेरे सच होगे ,
दोनों एक संग होंगे,
पूरे होंगे अरमान,
खाटू के बाबा श्याम ॥

मेरे सपनो में आते है,
खाटू के बाबा श्याम,
मेरे सपना में आते है,
खाटू के बाबा श्याम,
खाटू के बाबा श्याम ॥